सबालेंका ने रायबाकिना को हराया, सेमीफाइनल में पेगुला से भिड़ेंगी

वुहान ओपन में सबालेंका की जीतों की संख्या हुई 20

रायबाकिना को 6-3, 6-3 से हराया

लगातार चौथे खिताब की ओर बढ़ रहीं

पेगुला ने सिनियाकोवा को 2-6, 6-0, 6-3 से हराया

वुहान 10 अक्टूबर. दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यन सबालेंका ने शुक्रवार को एलिना रायबाकिना पर 6-3, 6-3 से आसान जीत दर्ज करके वुहान ओपन में अपनी अजेय बढ़त को 20 मैचों तक बढ़ा दिया है। इस जीत के साथ उन्होंने लगातार चौथे खिताब की अपनी तलाश जारी रखी है और सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।

सबालेंका, जिन्होंने 2018-19 में और फिर ष्टह्लङ्कढ्ढष्ठ महामारी के बाद पिछले साल वुहान का खिताब जीता था, ने रायबाकिना के खिलाफ अपनी जीत-हार का रिकॉर्ड 8-5 कर लिया है। उन्होंने पिछले साल यूएस ओपन फाइनल सहित पेगुला के खिलाफ 10 मुकाबलों में से आठ में जीत हासिल की है। पेगुला ने चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-0, 6-3 से हराकर सीजन की अपनी 50वीं मैच जीत हासिल की और अगले महीने होने वाले साल के अंत के डब्ल्यूटीए फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया।

आर्थर रिंडरक्नेश ने ऑगर-एलियासिम को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचे

शंघाई फ्रांस के अनसीडेड खिलाड़ी आर्थर रिंडरक्नेश ने शुक्रवार, को शंघाई मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट की शुरुआत में 54वीं रैंक पर मौजूद रिंडरक्नेश का शंघाई में यह एक स्वप्निल सफर रहा है,

जिसमें उन्होंने विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को भी मात दी थी। 30 वर्षीय रिंडरक्नेश की सफलता उनके चचेरे भाई, मोनाको के वैलेंटिन वाचेरोट की सफलता से मेल खाती है, जिन्होंने गुरुवार को डेनमार्क के होल्गर रूने को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया था। रिंडरक्नेश अब सेमीफाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

उन्होंने जीत के बाद कहा, 卐यह एक काफी अच्छी दिखने वाली जीत थी।卐 रिंडरक्नेश ने 13वीं रैंक वाले ऑगर-एलियासिम पर आसानी से जीत दर्ज की और दोनों सेटों में शुरुआती ब्रेक हासिल करके कनाडाई खिलाड़ी को कभी लय नहीं पकड़ने दी।

अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में, जर्मनी की लॉरा सीगमंड का मुकाबला अमेरिकी तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा, जबकि पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का मुकाबला इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी से होगा। यह मुकाबला उनके 2024 फ्रेंच ओपन फाइनल की पुनरावृत्ति होगी।



यशस्वी की आंधी में उड़ी वेस्टइंडीज

भारत ने पहले दिन ही कसा शिकंजा

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल (173 रन, 253 गेंद) के तूफानी और संयमित शतक की बदौलत भारत ने मेजबान टीम पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्टंप्स तक 318 रन बनाकर महज दो विकेट खोए।

कप्तान शुभमन गिल के लिए यह टॉस जीतना इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि पिछले टेस्ट में मिली आसान जीत के बावजूद सीरीज को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी की सख्त जरूरत थी।

दिल्ली टेस्ट के पहले दिन भारत का दबदबा

जयसवाल के 173 रन से टीम मजबूत स्थिति में

जयसवाल ने लगाया सातवां टेस्ट शतक

सुदर्शन के साथ 193 रन की ठोस साझेदारी

राहुल फिर नाकाम, वारिकन ने दिलाई राहत

लेकिन टॉस गंवाने के बाद मैदान पर मेहमान टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

पहले घंटे में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने पिच की नमी का फायदा उठाते हुए जयसवाल को कुछ असहज पल दिए, लेकिन युवा बल्लेबाज ने जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली। उन्होंने 145 गेंदों में अपना सातवां टेस्ट शतक पूरा किया, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका दूसरा शतक है।

केएल राहुल (15) का विकेट जल्दी गिरने के बाद, जयसवाल को दूसरे छोर पर साई सुदर्शन (87 रन, 165 गेंद) का मजबूत साथ मिला।

सुदर्शन ने आलोचकों को जवाब देते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 193 रनों की विशाल साझेदारी की। इस साझेदारी ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों को पहले ही दिन थका दिया।

शार्दुल ठाकुर बने मुंबई रणजी टीम के कप्तान

42 बार के चैंपियन मुंबई ने 16 सदस्यीय टीम घोषित की

टीम में अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान, शिवम दुबे और आयुष म्हात्रे शामिल

पहला मुकाबला 15 अक्टूबर को जम्मू और कश्मीर के खिलाफ

मुंबई 10 अक्टूबर. 42 बार की रिकॉर्ड चैंपियन मुंबई क्रिकेट टीम ने आगामी रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीज़न के लिए अपने 16 सदस्यीय दल की घोषणा कर दी है। भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है।

ठाकुर ने रणजी के नए सत्र से



पहले पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे से यह जिम्मेदारी ली है।घोषित टीम में दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और राष्ट्रीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे सरफराज खान को शामिल किया गया है। टीम अपना पहला मुकाबला 15 अक्टूबर से श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलेगी। मुंबई पिछले सत्र में जम्मू और कश्मीर से पाँच विकेट से हार गया था। इस बार मुंबई को एलीट ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हैदराबाद, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में टी20 विशेषज्ञ शिवम दुबे और कार दुर्घटना के कारण पिछला घरेलू सत्र चूकने वाले मुशीर खान को भी जगह मिली है।

ये दिग्गज नहीं

टीम के चयन में कई बड़े नाम गायब रहे। पीठ की समस्या के कारण लाल गेंद क्रिकेट से ब्रेक ले रहे श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किया गया है। पिछले सीजन में अपनी जगह खोने के बाद महाराष्ट्र जाने वाले पृथ्वी शॉ भी टीम से बाहर हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले सीजन के सेमीफाइनल में खेलने वाले सूर्यकुमार यादव को भी स्क्वाड में जगह नहीं दी गई है।

मुंबई की 16 सदस्यीय टीम

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), आयुष महत्रे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), सिद्धेश लाड, अजिंक्य रहाने, सरफ़राज खान, शिवम दूबे, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, सिल्वेस्टर डी'सूजा, इरफान उमैर, मुशीर खान, अखिल हेरवाडकर, रोयस्टन डियास.

जू. हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप में दम दिखाने उतरेगी

भारत का पहला मुकाबला आज ग्रेट ब्रिटेन से होगा

यह टूर्नामेंट जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए आदर्श मंच : पी आर श्रीजेश

जोहोर बाहारु (मलेशिया), 10 अक्टूबर। भारतीय जूनियर हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप में शनिवार से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा कि यह टूर्नामेंट आगामी जूनियर विश्व कप (28 नवंबर से चेन्नई और मदुरै) की तैयारी के लिए युवा खिलाड़ियों को मजबूत मंच देगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से होगा। श्रीजेश ने बताया कि सुल्तान जोहोर कप भारतीय हॉकी में हमेशा विशेष रहा है। इस टूर्नामेंट से कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव देता है और उन्हें यह समझने में मदद करता है कि लगातार उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए क्या

श्रीजेश ने आगे कहा, यह टूर्नामेंट जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए आदर्श है। मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर खिलाड़ी शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का वास्तविक अनुभव प्राप्त करेंगे। टीम की रणनीति पर बात करते हुए दो बार के ओलंपिक कांस्य विजेता ने कहा कि रचनात्मकता, अनुशासन और आक्रामकता टीम का मुख्य फोकस होगा।

पीकेएल 12 का ग्रैंड फाइनल दिल्ली में

नई दिल्ली 10 अक्टूबर. कबड्डी के मैदान से आई है वो बड़ी खबर, जिसका इंतजार पूरे देश के प्रशंसक कर रहे थे। प्रो कबड्डी लीग (क्क्रु) सीज़न 12 के प्लेऑफ़ और ग्रैंड फ़ाइनल का आधिकारिक शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। इस बार कबड्डी के महामुकाबले की मेजबानी देश की राजधानी दिल्ली को मिली है। त्यागराज स्टेडियम में 31 अक्टूबर 2025 को सीज़न 12 का नया बादशाह घोषित किया जाएगा। लीग चरण 23 अक्टूबर को समाप्त होने के बाद, असली ड्रामा 25 अक्टूबर से शुरू होगा। इस बार प्लेऑफ़ का फॉर्मेट पहले से कहीं अधिक रोमांचक और कड़ा है।

एक नजर में

ब्राज़ील ने साउथ कोरिया को 5-0 से रौंदा

सियोल .फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर ब्राज़ील ने शुक्रवार को सियोल वर्ल्ड कप स्टेडियम में खेले गए एक अंतर्राष्ट्रीय दोस्ताना मुकाबले में साउथ कोरिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी। कोच कार्लो एन्सेलोटी की टीम के लिए 18 वर्षीय एस्टेवाओ और रोड्रिगो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल किए, जबकि विनीसियस जूनियर ने अंतिम गोल दागकर ब्राज़ील की प्रभावशाली जीत पर मुहर लगाई। ब्राज़ील की टीम शुरू से ही आक्रमण पर हावी रही। मेहमान टीम ने एक मजबूत पक्ष उतारा था, जिसमें मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैथियस कुन्हा ने अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व किया, जबकि एस्टेवाओ, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर की तिकड़ी ने उनके पीछे मोर्चा संभाला।

पार्थसारथी, श्रीनिति ने फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली . शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी अरुण मुंधे और श्रीनिति चौधरी ने आज यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में चल रही फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया, जबकि मन्नान अग्रवाल और तविश पाहवा ने कड़े मुकाबले में जीत के बाद लड़कों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारथी ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चौथी वरीयता प्राप्त स्निग्धा कांता को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। उन्होंने दो सेटों में स्निग्धा की सर्विस पाँच बार तोड़ी और फाइनल में पहुंच गईं। इस बीच, श्रीनिति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर्ष ओरुगंती को 1 घंटे 28 मिनट में 6-2, 6-2 से हराया। उन्होंने हर्षा की सर्विस छह बार तोड़ी और पूरे मैच में पूरा नियंत्रण बनाए रखा।

अदिति संयुक्त 31वें स्थान पर

शंघाई . भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां ब्यूक एलपीजीए शंघाई टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।अदिति ने इस टूर्नामेंट के पहले दो दिन अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला। इस तरह से उनका कुल स्कोर अब चार अंडर हो गया है।इस बीच जापान की मिनामी कात्सु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। दूसरे दौर के बाद वह दो स्ट्रोक से आगे चल रही थीं। उन्होंने दूसरे दौर में 11 अंडर 61 के स्कोर के साथ एकल बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में कात्सु ने 12 बर्डी और एक बोगी लगाई। अब उनका कुल स्कोर 13 अंडर पार है।दक्षिण कोरिया की इना यून 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

भारतीय जूनियर बैडमिंटन टीम सेमीफाइनल में रुकी

गुवाहाटी 10 अक्टूबर. बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय जूनियर टीम का स्वर्णिम सफर शुक्रवार को सेमीफाइनल में

डबल्स की कमजोरी पड़ी भारी

थम गया। मेज़बान भारत को डिफेंडिंग चैंपियन इंडोनेशिया के सामने शिकस्त झेलनी पड़ी, जिसने उन्हें 45-35, 45-21 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल का टिकट कटा लिया।

हार के बावजूद, भारतीय दल के लिए यह उपलब्धि यादगार रहेगी, क्योंकि उन्होंने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के लिए पहला ऐतिहासिक पदक (कांस्य) सुरक्षित किया है। क्वार्टर फाइनल में दो बार के चैंपियन कोरिया को हराकर यह पदक पक्का किया गया था, लेकिन फाइनल तक पहुँचने का सपना अधूरा रह गया।

नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के कोर्ट पर होम ग्राउंड के दर्शकों का जोश तो भरपूर था, लेकिन कोर्ट के अंदर इंडोनेशियाई खिलाड़ी हर विभाग में भारतीय टीम पर भारी पड़े।

पूरे मुकाबले में भारतीय रणनीति का दारोमदार महिला सिंगल्स स्टार उन्नति हुडा पर था।

विनय का कमाल, विश्व चैंपियन बने

जूनियर 72 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण, गोरखपुर के होनहार ने बढ़ाया भारत का मान

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी विनय ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व

विनय ने 142 किग्रा उठाकर जीता स्वर्ण पदक

विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चमका भारत

पोलैंड और इक्वाडोर के खिलाड़ी रहे पीछे

चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने जूनियर वर्ग के 72 किलोग्राम वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम एक बार फिर लहराया।

विनय ने अपने तीनों प्रयासों में क्रमशः 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा वजन उठाया। हालांकि उनका तीसरा प्रयास रेफरी द्वारा अमान्य घोषित किया गया, लेकिन उनका दूसरा प्रयास यानी 142 किग्रा का प्रदर्शन स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त रहा।

इस मुकाबले में पोलैंड के मिकोलज कोसियुबिंस्की ने 141 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि इक्वाडोर के सेबेस्टियन एफ. ने 137 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक हासिल किया।

क्लच शतरंज लीजेंड्स ▶ **आनंद की मुश्किलें बढ़ीं, लेकिन अभी भी मौका**

गैरी कास्पारोव ने विश्वनाथन आनंद पर बढ़त मजबूत की

सेंट लुई (अमेरिका) 10 अक्टूबर. भारतीय शतरंज

कास्पारोव ने 8.5-3.5 से बढ़त बनाई

आनंद ने पहले गेम में जीत का मौका घड़ी भूलने से गंवाया

दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने पहला गेम जीता

दिग्गज विश्वनाथन आनंद को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ क्लच शतरंज लीजेंड्स मुकाबले में कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। रूसी दिग्गज कास्पारोव ने अंतिम दिन से पहले अपनी बढ़त को पाँच अंक तक पहुंचा दिया है।

आनंद को पहली बाजी में भाग्य का साथ नहीं मिला, जब वह जीत की स्थिति में थे लेकिन घड़ी पर नज़र रखना भूल गए, जिससे कास्पारोव वह गेम जीतने में सफल रहे।दिन के दो ब्लिट्ज गेम में भी कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और .144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली इस

प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले वह 8.5-3.5 से आगे हो गए हैं। यह मुकाबला कुल 12 बाजियों का है, जिसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है, क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे, जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे।

आनंद ने मैच के बाद कहा, पहले गेम में एक समय मेरे पास एक मिनट 26 सेकंड थे और फिर मुझे नहीं पता। मुझे दोबारा घड़ी देखनी चाहिए थी। मैं पूरी तरह से भूल गया। आनंद तीसरा गेम भी हार गए, जो केवल 18 चाल में समाप्त हो गया, क्योंकि उन्होंने एक गलती की और तुरंत हार मान ली